REPUBLIC DAY CELEBRATION



KARWA CHAUTH STALL

Ist Position In Mehndi

Yast

To

The Principal,

Kanya Maha Vidyalaya,

Jalandhar,

Subject: Regarding Halloween Makeup competition

Respected Madam,

This is to bring to your kind notice that the P.G. Department of Cosmetology is going to organize a makeup competition on Halloween between B.Voc sem 1st and 3rd on 29th october 2022 in Cosmetology Department . Kindly allow for the same.

Thanking you,

Your's Sincerely
Gayatri [illegible]
P.G Department of Cosmetology
29- october-2022

HALLOWEEN COMPETITION

कन्या महाविद्यालय में हैलोवीन पर हुआ 'फेस पेंटिंग व मेकअप मुकाबला'

■ निशा रानी व योगिता ने फहराया परचम

जालंधर, 6 नवंबर (विनीत): कन्या महाविद्यालय के पोस्ट ग्रैजुएट डिपार्टमैंट ऑफ कास्मेटॉलोजी तथा फैशन डिजाइनिंग विभाग की ओर से 'हैलोवीन' के अवसर पर फेस पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। प्रिंसीपल डा. आतिमा शर्मा द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई उक्त प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए काले रंग के वस्त्र पहनकर जहां अपनी क्रिएटिविटी दिखाई, वहीं सभी का मन मोह लिया।

इसके साथ ही मेकअप प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें बी.वॉक. (ब्यूटी एंड वेलनेस) की छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई, जिसमें निशा रानी, जसकिरण कौर व कीर्ति ने क्रमश: पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि जैसमीन बासी एवं चेतना ने सांत्वना स्थान पाया। फेस पेंटिंग मुकाबले में योगिता ने पहला, प्रिया व जसदीप कौर ने दूसरा तथा सारिका, रुपिन्द्र कौर व सुनिधि ने तीसरा स्थान पाया, इसके साथ ही मनप्रीत कौर, मनमीत व चांदनी ने सांत्वना स्थान पाया। विजेताओं को प्रिंसीपल डा. आतिमा शर्मा द्विवेदी ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

छात्राओं के साथ प्रिंसीपल डा. आतिमा शर्मा द्विवेदी व फैकल्टी स्टाफ। (ठकुर)

World Environment day

केएमवी की प्राचार्य प्रो . अतिमा शर्मा द्विवेदी छात्राओं को प्रोत्साहित करती हुई ●सौ. केएमवी

कालेज में नुक्कड़ नाटक से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जासं, जालंधर : कन्या महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस को मुख्य रखते हुए गतिविधियों का आयोजन किया गया। पर्यावरण और इसके संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए बीट प्लास्टिक प्रदूषण विषय पर छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया। फेस पेंटिंग प्रतियोगिता के जरिये प्रजातियों का संरक्षण, पौधों और प्रकृति का संरक्षण और नुकसान, पर्यावरण की बहाली आदि के बारे में जागरूकता फैलाई। प्राचार्य प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने कहा कि समय की मांग के अनुसार हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व के लिए जागरूक होना चाहिए।

INDEPENDENCE DAY

DIWALI EXHIBITION

SUMMER CAMP 2022-23

के.एम.वी. के द्वारा समर कैंप की शुरुआत- कौशल विकसित करती निःशुल्क कक्षाएं सभी लड़कियों के लिए खुला : प्रिं. अतिमा शर्मा द्विवेदी

- स्पोकन इंग्लिश, मेकअप, आई.टी. स्किल्स आदि निःशुल्क कक्षाओं के लिए छात्राओं में भारी उत्साह

सवेरा न्यूज/कुश

स्पोकन इंग्लिश, मेकअप, आई.टी. स्किल्स आदि निःशुल्क कक्षाओं में हिस्सा लेने वाली छात्राओं के साथ शामिल प्रिंसिपल अतिमा शर्मा द्विवेदी। (संदीप)

जालंधर, 7 जून : कन्या महा विद्यालय के द्वारा विद्यार्थियों की छुट्टियों के इस समय को और अधिक सृजनात्मक, जानकारी एवं मनोरंजन पर आधारित बनाने के लिए प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी समर कैंप की शुरुआत की गई है। कौशल विकसित करता पूर्ण रूप से मुफ्त आयोजित किए गए इस कैंप के लिए विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। विद्यालय विभिन्न विभागों जैसे:- पोस्ट-ग्रैजुएट डिपार्टमैंट ऑफ इंग्लिश, पोस्ट ग्रैजुएट डिपार्टमैंट ऑफ फाइन आर्ट्स, पोस्ट ग्रैजुएट डिपार्टमैंट ऑफ कम्प्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस, डिपार्टमैंट ऑफ डांस, पोस्ट ग्रैजुएट, डिपार्टमैंट ऑफ कॉस्मेटोलॉजी, पोस्ट ग्रैजुएट डिपार्टमैंट ऑफ म्यूजकि के साथ-साथ डी.डी.यू. कौशल केंद्र के अंतर्गत रिटेल मैनेजमैंट विभाग, टैक्सटाइल एंड अपैरल टैक्नोलॉजी विभाग, एनिमेशन विभाग, न्यूट्रिशन, एक्सरसाइज एंड हैल्थ विभाग आदि के द्वारा इस कैंप के दौरान विद्यालय की छात्राओं के साथ -साथ बाहर की विद्यार्थियों के लिए भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

इस कैंप के दौरान जहां विद्यार्थी स्पोकन इंग्लिश, आर्ट एंड क्राफ्ट, पर्सनैलिटी डिवैल्पमैंट, आई.टी. स्कि लस, रेजनि आर्ट, क्ले मॉडलिंग, वाटर कलर पेंटिंग, लिप्पन आर्ट, सिलाई-कढ़ाई, फ्री हैंड पेंटिंग आदि के बारे में जानकारी हासिल करेंगे वहीं साथ ही उन्हें बेसिक्स ऑफ एनिमेशन, ब्यूटी केयर, डांस, योगा एवं डाइट काउंसलिंग के बारे में भी समझाया जाएगा।

विद्यालय प्रिंसीपल प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने बात करते हुए बताया कि विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं सृजनात्मकता को एक उत्तम मंच प्रदान करने एवं उनकी जानकारी के घेरे को और अधिक विशाल करने की सोच के साथ विद्यालय के द्वारा हर वर्ष समर कैंप का आयोजन या जाता रहता है। इस बार के इस कैंप से भी विद्यार्थी यकीनन ही मनोरंजन एवं उच्च स्तरीय जानकारी हासिल करते हुए अपने ज्ञान में शानदार इजाफा कर सकेंगे। इसके साथ ही उन्होंने इस कैंप के सफल आगाज के लिए समूह आयोजक मंडल को मुबारकबाद दी। इच्छुक विद्यार्थियों के द्वारा और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए 0181-2296605 एवं 2296606 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।